



# दैनिक भारतीय बस्ती





भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :45 अंक 204 बुधवार 14 फरवरी 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com


## एक नजर

### वैष्णो प्रताप का दिल्ली विश्वविद्यालय में शोध के लिये चयन



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। बस्ती सदर विकासखण्ड के समसपुर निवासी भीम सिंह सब इस्पेक्टर आर.पी.एफ. के पुत्र वैष्णो प्रताप सिंह का पी0एच0डी0 में इतिहास बुद्धिस्ट विषय पर शोध के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय में चयन हुआ है। वैष्णो प्रताप सिंह की प्रारंभिक शिक्षा गांव से शुरू होने के बाद हाई स्कूल एवं इन्टर की शिक्षा सरस्वती विद्यामन्दिर रामबाग से हुई। यहॉ प्रथम श्रेणी में परीक्षा पासकर स्नातक एवं परास्नातक की शिक्षा दिल्ली विश्वविद्यालय से इतिहास विषय से उत्तीण कर आगे पी.एच.डी. में शोध करने का अवसर मिला।

वैष्णो प्रताप सिंह ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने गुरूजनों के साथ माता–पिता को दिया है। इनके चयन पर सांसद प्रतिनिधि जगदीश प्रसाद शुक्ल, विकासभवन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रामअधार पाल पूर्व प्रधान संजय सिंह,रघुपति सिंह, अजुर्न उपाध्याय,शनि शुक्ल सहित तमाम लोगो ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

### पशु पालकों के लिये टोल फ्री नम्बर 1962 जारी



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । पशु स्वास्थ्य संबंधित समस्या हो तो टोल फ्री नम्बर 1962 पर फोन करके पशुपालक भाई आकस्मिक सेवा का फायदा ले सकते हैं। इस बात की जानकारी डिप्टी सीवीओ भानपुर डॉ बलराम चौरसिया ने थरुवापुर में पशुपालक गोष्ठी में दी। बताया कि टोल फ्री नंबर 1962 डायल करने पर सचल पशु चिकित्सा वाहन से पशु चिकित्सक स्टाफ सहित आकर केवल पंजीकरण शुल्क दो रूपये/पांच रूपये प्रति पशु लेकर बीमार पशु का इलाज निःशुल्क करतें हैं। उन्हांने कहा कि राजकीय पशु चिकित्सालय से ज्यादा दूरी पर रहनें वाले पशुपालक भाईयों को इसका फायदा जरूर लेना चाहिए। गोष्ठी में पशु स्वास्थ्यवर्धक औषधि का निःशुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर शकीरुननिशा, बेचन, सलमान, किताबुन, नफीशुननिशा आदि मौजूद रहे।

### लोक अदालत 9 को

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आगामी 09 मार्च को जनपद न्यायालय परिसर, कलेक्ट्रेट न्यायालय परिसर एवं समस्त तहसील मुख्यालयों पर किया जायेंगा। उक्त जानकारी अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र ने दी है। उन्होने बताया कि उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में जाति, आय, अधिवास, हैसियत प्रमाण पत्र, खतौनी की नकल, दैनिक राजस्व वाद तालिका, राजस्व वाद न्यायालय आदेश प्रति, राजस्व वाद विवरण आदि जैसे वाद या प्रार्थना पत्र अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किया जायेंगा। उन्होने संबंधित अधिकारियों को लिखे पत्र में निर्देशित किया है कि उक्त लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में उपरोक्त प्रकार के वादों को चिन्हित कर निर्धारित प्रारूप पर सूचना/सूची 6 मार्च 2024 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# किसानों का दिल्ली कूच रोकने के लिए सड़कें बंद, हाई कोर्ट ने सरकारों से मांगा जवाब



**नई दिल्ली (आभा)।** पंजाब के किसानों के दिल्ली कूच को रोकने के लिए हरियाणा सरकार की ओर से पंजाब हरियाणा बॉर्डर सील करने और रास्ते बंद करने के खिलाफ पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई है। इस याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार, हरियाणा सरकार, पंजाब सरकार, दिल्ली सरकार और यूटी प्रशासन सहित दोनों किसान यूनियन को नोटिस जारी कर अपना जवाब दाखिल करने का आदेश दिया। हाईकोर्ट ने केंद्र, हरियाणा सरकार और पंजाब सरकार को कानून व्यवस्था बनाए रखने और मिलकर इस मसले का हल निकालने का प्रयास करने को भी कहा है। बल प्रयोग ही अंतिम विकल्प होना चाहिए और जहां तक हो सके इससे बचना चाहिए।

किसानों को धरना प्रदर्शन करने के लिए एक जगह सुनिश्चित करके देनी होगी। अगली सुनवाई गुरुवार को होगी। मामले में दिल्ली सरकार को भी पक्षकार बनाया गया है। सुनवाई के दौरान हरियाणा सरकार के वकील ने कहा प्रदर्शन से पहले दिल्ली सरकार से इजाजत लेनी चाहिए थी। इनके इरादे ठीक नहीं हैं। इस पर पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस ने पूछा कि किसान तो सिर्फ आपके रास्ते से गुजर रहे हैं तो आप उनका रास्ता कैसे रोक सकते हैं? हरियाणा सरकार ने जवाब दिया कि दिल्ली से पांच किलोमीटर पहले इकट्ठा होने का आह्वान किया है। उन्होंने वहां हथियारों के साथ ट्रैक्टरों का जमावड़ा लगा रखा है। हम कानून और व्यवस्था बनाए रखना चाहते हैं। शांतिपूर्ण विरोध का समर्थन किया जा सकता है लेकिन यहां वे जनता को असुविधा में डाल रहे हैं।

कोर्ट से कहा गया कि पिछली बार विरोध प्रदर्शन हुआ था, तब आपराधिक वारदात हुई थी। इसलिए हम कानून और व्यवस्था को बिगाड़ने की आशंका की स्थिति से बचने के लिए एहतियाती कदम उठा रहे हैं। इस पर एक्टिंग चीफ जस्टिस ने पूछा कि आपको कैसे पता कि वे वही लोग हैं? बल प्रयोग अंतिम विकल्प होना चाहिए और मुमकिन हो तो इससे बचना चाहिए। हाईकोर्ट ने कहा कि अभिव्यक्ति के मौलिक अधिकार का संतुलन होना चाहिए। कोई भी अधिकार अलग नहीं है। किसी भी कीमत पर कानून व्यवस्था का पालन होना चाहिए।

पंजाब सरकार के वकील ने कहा कि किसान प्रदर्शन के लिए आगे बढ़ रहे हैं। पंजाब में इकट्ठा होने के लिए नहीं। पंजाब में कोई सड़क बंद नहीं है। अगर वे शांतिपूर्ण विरोध के लिए आगे बढ़ना चाहते हैं तो हम भी इसकी अनुमति दे रहे हैं। भीड़ नियंत्रण के लिए उचित व्यवस्था की गई है।

## स्वामी प्रसाद ने त्याग पत्र दिया

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

लखनऊ (आभा)। अपने बयानों को लेकर अक्सर चर्चा में रहने वाले समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद के त्यागपत्र ने यूपी की राजनीति में हलचल पैदा कर दी है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने अपने एक्स अकाउंट पर त्यागपत्र को साझा करते हुए संज्ञानार्थ लिखा है और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव व समाजवादी पार्टी को टैग किया है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा दिया है, उन्होंने पार्टी का साथ नहीं छोड़ा है।



इसको लेकर उन्होंने लिखा भी है कि 'पद के बिना भी पार्टी को सशक्त बनाने के लिए मैं तत्पर रहूंगा।

## 100 दिव्यांगों में ट्राई साईकिल का वितरण



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से मंगलवार को राजकीय इंटर कॉलेज बस्ती में जनो हेतु सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि सांसद हरीश द्विवेदी ने कुल 100 दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल वितरित किया,इस अवसर पर सांसद ने दिब्यांग जनो से उनको विभाग द्वारा दी जा रही पेंशन व अन्य योजनाओं की जानकारी प्राप्त किया, मुख्य विकास अधिकारी जयदेव सीयस, जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी श्रीप्रकाश पांडेय, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने उपकरण वितरण कार्यक्रम मे दिब्यांगजनों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी. जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी लालजी यादव, ब्लॉक प्रमुख राकेश श्रीवास्तव, डीडीआरसी के साइक्लोजिस्ट राधेश्याम चौधरी, बचपन डे केयर सेंटर के समन्वयक अनूप पांडे, धर्मेंद्र कुमार, सुनील यादव, दिलीप चौधरी, शिव मूर्ति यादव, विजय श्रीवास्तव, संगीता यादव, प्रदीप चौधरी, जयप्रकाश यादव, गोविंद प्रसाद ने ट्राई सायकिल वितरण मे सहयोग किया, इस अवसर पर कुल 100 दिब्यांग जनो को ट्राई साइकिल वितरित किया गया, उमेश गौड़ इंद्रजीत, नरसिंह दुबे, जयप्रकाश, हरिशंकर, मेहीलाल, सुशील, बालकृष्ण, बंशीधर, अशोक कुमार, सुरेश, दीपू, पीतांबर, अवनीश कुमार, कल्लू, कन्हैयालाल सहित एक सौ दिब्यांग जनो को ट्राई सायकिल दिया गया.

## नगर पंचायत नगर में सम्मानित हुये वरिष्ठ नागरिक



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । नगर पंचायत नगर में मंगलवार को योग दिवस एवं वृद्ध जन सम्मान समारोह आयोजित हुआ। अध्यक्ष नीलम सिंह राना ने कहा कि योग से जहां मन और शरीर स्वस्थ रहता है वहीं घर के बड़े बुजुर्गों को सम्मान देकर हम युवा पीढ़ी को मानवता का सन्देश देते हैं। नगर पंचायत के भवानी प्रसाद नगर वार्ड स्थित भैंसबरहा अम्बेडकर पार्क में आयोजित इस कार्यक्रम में श्रीमती राना ने कहा कि स्वस्थ और स्वच्छ नगर पंचायत बनाने में सभी के सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह के दूसरे मंगलवार को एक वार्ड में योग दिवस और वृद्ध जन सम्मान तथा माह के अन्तिम शनिवार को आयोजित होने वाला स्वच्छता अभियान इसी कड़ी का हिस्सा है। श्रीमती राना ने नगर को देश का मॉडल नगर बनाने की प्रतिबद्धता दोहराया। इसके पहले अध्यक्ष श्रीमती राना ने डा० भीमराव अम्बेडकर एवं गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर जहां बड़ी संख्या में उत्साहित लोग योग शिविर का हिस्सा बनें। वार्ड के 77 वर्षीय राम सहाय मौर्य एवं 75 वर्ष की सुन्दर देवी को अध्यक्ष श्रीमती राना ने तिलक लगा कर माला पहनाया तथा आरती उतार कर अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सभासद वीरेंद्र कुमार, संदीप कुमार, राजेश पाण्डेय, राज कुमार चौधरी, राम सजन यादव, तुलसी राम, देवेश धर द्विवेदी,राकेश पाण्डेय, बिंदेश्वरी लाल श्रीवास्तव,राजेश त्रिपाठी,चंद्र मणि मिश्र, विजय श्रीवास्तव, श्रुति अग्रहरि, संजय रावत, हरि प्रसाद सहित अनेक सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## जे.ई.ई मेन प्रतियोगी परीक्षा में सार्थक के तीन छात्रों को मिली सफलता



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। मंगलवार को जे.ई.ई मेन प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ। इसमें पार्थ कैरियर इंस्टिट्यूट में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले तीन छात्रों ने सफलता का परचम लहराया जिसमें अक्षत त्रिपाठी (99.68 पर्सेन्टाइल), श्रेयांश पाण्डेय (93.47 पर्सेन्टाइल) और संस्कार गुप्ता (90.99 पर्सेन्टाइल) अंक प्राप्त किये। परिणाम की घोषणा पर बच्चों के अभिभावक और शिक्षक ने प्रसन्नता व्यक्त किया है। बच्चों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार, शिक्षक व अपनी कोंचिग संस्थान पार्थ कैरियर इंस्टिट्यूट बस्ती को दिया। संस्था के संचालक रंजीत चौधरी व शिक्षक पाटनदीन मिश्र, सुधांशु रंजन और अशरफ अली ने कहा कि यह जरूरी नहीं कि जे.ई.ई मेन व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये छात्र कोटा या अन्य सुदूर स्थानों पर जाय। लगन और योग्य शिक्षक हो तो अपने शहर में ही सफलता के कीर्तिमान बनाये जा सकते हैं।

# सामूहिक विवाह में एक दूजे के हुये 298 जोड़े



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत राजकीय इण्टर कालेज परिसर में 298 जोड़ो का विवाह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सांसद हरीश द्विवेदी वर–वधु को आशीर्वाद दिया तथा दैनिक जीवन के लिए उपयोगी सामान वर्तन आदि प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा संचालित यह एक प्रमुख योजना है, जिसके द्वारा गरीब बहन, बेटियो की शादी करायी जाती है। इसके अन्तर्गत आनलाईन आवेदन लिये जाते है। उन्होने कहा कि प्रत्येक जोड़े पर रू0 51000 व्यय करने का प्रावधान है, जिसमें से उन्हें रू0 10 हजार तक का उपहार स्वरूप वस्त्र, वर्तन, बैग, आभूषण तथा अन्य सामान दिया जाता है तथा 35 हजार रूपये नकद विवाहिता के खाते में भेंजे जाते है। शेष 6000–रूपये विवाह समारोह पर खर्च किया जाता है। इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक के परिवार की वार्षिक आय सीमा 2 लाख रूपये होने चाहिए।

समाज कल्याण अधिकारी श्रीप्रकाश पाण्डेय ने बताया कि लक्ष्य 1400 के सापेक्ष कुल 1430 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया है। आज के कार्यक्रम में विकास खण्ड बहादुरपुर के 33, बनकटी के 14, बस्ती के 34, दुबौलिया के 12, गौर के 24, हर्रैया के 11, कप्तानगंज के 29, कुदरहा के 17, परसरामपुर के 20, रामनगर के 05, रूधौली के 22, सल्टौआ गोपालपुर के 16, सॉऊघाट के 24, विक्रमजोत के 4, नगर पंचायत बनकटी के 4, नगरपालिका के 01, भानपुर के 12, गनेशपुर, हर्रैया व मुण्डेरवा के 1–1, कप्तानगंज के 03, नगर बाजार के 8 तथा रूधौली के 2 कुल 298 जोड़ों का विवाह कराया गया।

इस अवसर पर सीडीओ जयदेव सी.एस. ब्लाक प्रमुख सदर राकेश श्रीवास्तव, सॉऊघाट के अभिषेक कुमार, जगदीश शुक्ल, समाज कल्याण अधिकारी विकास लालजी यादव, बीडीओ रामनगर वर्षा वंग, सॉऊघाट के मनोज कुमार श्रीवास्तव, बहादुरपुर के आलोक कुमार पंकज, गौर के राजेश कुमार सिंह, कप्तानगंज के रमेश दत्त मिश्र, सदर आदित्य कुमार सिंह, वीना सिंह तथा विवाहित जोड़ों के परिवारीजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका मानवी सिंह ने किया।

# किसानों के समर्थन में आये राहुल गांधी



**अम्बिकापुर (आभा)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ अंबिकापुर पहुंचे। अंबिकापुर में उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, ' किसान दिल्ली की ओर मार्च कर रहे हैं। उन्हें रोका जा रहा है, उन पर आंसू गैस के गोले छोड़े जा रहे हैं, वे क्या कह रहे हैं। वे सिर्फ अपनी मेहनत का फल मांग रहे हैं। बीजेपी सरकार ने एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न देने की घोषणा की, लेकिन वे एमएस स्वामीनाथन की कही बात को लागू करने को तैयार नहीं हैं।श

राहुल गांधी ने कहा, स्वामीनाथन ने अपनी रिपोर्ट में साफ कहा है कि किसानों को वाकई एमएसपी का कानूनी अधिकार मिलना चाहिए, लेकिन भाजपा सरकार ऐसा नहीं कर रही है। जब इण्डिया गठबंधन की सरकार सत्ता में आएगी तो हम भारत के किसानों को एमएसपी की गारंटी देने वाला (कानून) देंगे। स्वामीनाथन रिपोर्ट में जो उल्लेख किया गया है, हम उसे पूरा करेंगे।'

अंबिकापुर नगर के कला केंद्र मैदान में आयोजित आमसभा के बाद राहुल गांधी कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा अचानक दो दिन के लिए स्थगित हो गई है। दिल्ली में किसानों के आंदोलन में उपजे विवाद के बाद राहुल व कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को दिल्ली निकलना पड़ा। अंबिकापुर में आमसभा के बाद राहुल गांधी की यह यात्रा बलरामपुर जिले के ओर रवाना होने वाली थी कि अचानक यात्रा स्थगित कर दी गई। यह यात्रा दो दिन के लिए स्थगित की गई है।

# स्वयं सहायता समूह की बहने सम्मानित



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती ।भाजपा द्वारा विधानसभा स्ध्तर पर आयोजित शक्ति वंदन अभियान में मंगलवार को समाज और नारी कल्ध्याण क्षेत्र में विशिष्ध्ट कार्यों के लिए स्ध्वयं सहायता समूह की बहनों के सम्ध्मान का कार्यक्रम हर्रैया कप्तानगंज और महादेवा विधानसभा के विक्रमजोत हर्रैया व बहादुरपुर के ब्ध्लाक परिसर में आयोजित हुआ।

इस कार्यक्रम की अध्ध्यक्षता प्रत्येक ब्ध्लाक प्रमुख ने अपने ब्लाक में किया। वही विक्रमजोत में मुख्ध्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रत्युष विक्रम सिंह, बहादुरपुर में जिला उपाध्यक्ष रवि सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम के संयोजक रामचरन चौधरी ने आये हुए लोगों का स्ध्वागत किया।

कप्तानगंज कार्यक्रम में मुख्ध्य अतिथि जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने उत्ध्कृष्ध्ठ कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ध्ति पर देकर सम्ध्मानित किया। कार्यक्रम को सम्ध्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने कहा कि पीएम मोदी और सीएम योगी के सरकार में महिलाओं का सम्ध्माध्न बढ़ा है। भाजपा की सरकार महिलाओं के सर्वांगिध्ण विकास और सम्ध्मान के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्ध्होने कहा कि पीएम मोदी की सोच है कि घुंघट में रहने वाली घर की महिलाएं भी स्ध्वयं सहायता समूह के माध्ध्यम से अपने पैरो पर खड़ा होकर आत्मनिर्भर बन सके। इसके लिए उन्होने पूरा प्रयास भी किया है। पीएम मोदी की सोच है कि महिलाएं किसी के सामने हाथ न फैलाये। घर से बाहर निकलकर काम करके आत्ध्मनिर्भर बनें।

पूर्व विधायक रवि सोनकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार द्वारा महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक, शैक्षिक एवं राजनैतिक उत्थान के लिए लगातार काम किया जा रहा है। सांसद ने कार्यक्रम में मौजूद स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से कहा कि बीजेपी सरकार का मूल मंत्र महिलाओं के समग्र विकास और सम्मान के लिए केन्द्र तथा प्रदेश की सरकारों ने जो काम विगत वर्षों में किया है, वह नारी शक्ति के लिए अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के माध्ध्यम से महिलाओं के सामाजिक उत्थान का मार्ग प्रशस्त किया गया है। श्री रावत ने कहा कि हमारी सरकार का लक्ष्य है वर्ष 2047 तक हमारा देश विकसित राष्ट्र के रूप मे बने जिसके लिए समाज के सभी वर्ग एव धर्म के लोगो को जागरूक होने की जरूरत है। कार्यक्रम में भोला निषाद, राजेश त्रिपाठी, मोहन गुप्ता, रवि तिवारी, शैलेन्द्र दुबे, गजेन्द्र मणि तिवारी रेनू, सपना यादव, अरुणा भारती सहित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की स्वयं सहायता समूह की सदस्यो आदि लोग उपस्थित थे।

# सी.पी.आर. की कार्यशाला में दिया संकट में मानव जीवन बचाने की जानकारी



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। मंगलवार को अनंता हार्ट एंड कैंसर हॉस्पिटल बड़ेबन पर सी.पी.आर. (कार्डियो पल्मोनरी रेसासीटेशन) पर केन्द्रित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में "ह्यूमन सेफ लाइफ फाउंडेशन" के राष्ट्रीय अध्यक्ष रणजीत श्रीवास्तव और उनकी टीम ने विषम परिस्थितियों में मानव जीवन को सी.पी.आर. पद्धति के द्वारा किस प्रकार किसी भी व्यक्ति के जीवन को पुनः वापस लाया जा सकता है । यह प्रकिर्या कृतिम मानव डमी पर करके बताया गया। कार्यशाला के प्रशिक्षक रंजीत श्रीवास्तव ने कहा की डूबती हुई जिंदगी में जहाँ हृदय व श्वसन क्रिया चाहे बीमारी से अथवा दुर्घटना के समय बंद होने के कगार पर हो तो दोनों क्रियाओ को सी.पी.आर. पद्धति के द्वारा किस प्रकार पुनर्जीवित किया जा सकता है सभी प्रशिक्षुओ से पूरी पुनर्जीवन प्रकिर्या को कृतिम मानव शारीर(डमी) पर अभ्यास करवाया गया प्रशिक्षक ने बताया की पूरी पद्धति तीन बातो पर निर्भर करती है श्वसन नलिका, श्वसन, रक्तसंचार इन्ही तीन बातो का ध्यान रखेंगे तो निश्चय ही सफलता पूर्वक इस विधि को सम्पादित किया जा सकता है।

कार्यशाला में डॉ० अजय कुमार चौधरी, डा. सुमित पटेल, डा.दानिश, डा. योगेन्द्र यादव,डा. अनिल कुमार श्रीवास्तव, डा. संदीप सिंह, हॉस्पिटल मैनेजर अविनाश सिंह, विजय कुमार तिवारी, अंकुर मिश्रा एवं नर्सिंग स्टाफ में जया मिश्रा , दिव्यांश, विधि शुक्ला, राममनी सिंह, मनोज कुमार , अनुपम शुक्ला, ववित वर्मा , गरिमा तिवारी , कविता यादव रानी मिश्र ,राधिका चौधरी, नेहा वर्मा, शैलेश यादव, रानी मिश्रा आदि उपस्थित रहे ।

# बुर्जुग की हत्या मामले में पीड़ित परिजनों से मिले पूर्व विधायक दयाराम चौधरी



## –उच्चाधिकारियों से दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई, एनएसए लगाने की मांग

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता बस्ती सदर के पूर्व विधायक दयाराम चौधरी ने कलवारी थानाक्षेत्र के गौसैसीपुर डड़वा पुरवा गांव पहुंचकर जमीनी विवाद में 70 वर्षीय बुजुर्ग राममिलन चौधरी की हत्या और 20 वर्षीय बेटे विशाल और 67 वर्षीय बहन माला देवी पर जान लेवा हमला मामले में पीड़ित परिवार के सदस्यों से भेंटकर न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से पूर्व विधायक दयाराम चौधरी ने कहा कि राम मिलन चौधरी के परिवार पर काफी जुल्म और अत्याचार हुआ। हमले के दौरान बुर्जुग राममिलन की मौत हो गई और पुत्र विशाल का धारदार हथियार से बाएं पैर के पंजे को काट दिया। 67 वर्षीय बहन माला देवी और विशाल की स्थिति गंभीर बनी हुई है। उन्होने मौके पर दुःखी परिवार को न्याय दिलाने का ढाढस बधाने के साथ ही मौके पर मौजूद कलवारी थानाध्यक्ष बी.पी. सिंह और उच्चाधिकारियों से वार्ता कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई एवं एन.एस.ए. लगाने का आग्रह किया। कहा कि अराजकता और मनमानी को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

पीड़ित परिवार से वार्ता के दौरान पूर्व विधायक दयाराम चौधरी के साथ छरदही के ग्राम प्रधान रमेश चौधरी,राजकुमार शुक्ला, महेन्द्र चौधरी, जगदम्बा चौधरी,आशीष चौधरी,अजय कुमार श्रीवास्तव,नागेन्द्र शुक्ल, लाल चंद्र चौधरी के साथ ही स्थानीय ग्रामीण शामिल रहे।

*"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"—वेंडेल फिलिप्स*

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 14 फरवरी 2024 बुधवार

## सम्पादकीय

### नौसैनिक अधिकारियों की रिहाई

जिस कतर में शरिया कानून लागू हो और उससे हमारे रिश्ते बहुत मधुर न रहे हों, वहां से मौत की सजा पाए आठ पूर्व भारतीय नौसैनिक अधिकारियों की रिहाई भारतीय कूटनीति की बड़ी सफलता ही कही जाएगी। ओमान की एक कंपनी के माध्यम से कतर के एक सुरक्षा प्रोजेक्ट में काम करने वाले इन अधिकारियों को पिछले साल अक्तूबर में निचली अदालत द्वारा मौत की सजा सुनाई गई थी। भारत सरकार के कूटनीतिक प्रयासों से पहले फांसी की सजा को टाला गया और उसके बाद सिर्फ डेढ़ माह में वे सकुशल घर लौट आए। निस्संदेह, यह घटनाक्रम प्रधानमंत्री और विदेश मंत्रालय के लिए एक कठिन परीक्षा की घड़ी थी। जिसने भारतीय राजनय को मुश्किल में डाल दिया था। बहरहाल, दाहरा ग्लोबल कंपनी के लिये काम करने वाले भारतीय नागरिकों की रिहाई सुखद है, जिनको लेकर विपक्ष भी सरकार पर दबाव बना रहा था। इन भारतीयों की रिहाई के बाद विदेश मंत्रालय ने घोषणा की है कि प्रधानमंत्री अपनी दो दिवसीय संयुक्त अरब अमीरात यात्रा के बाद अब कतर भी जाएंगे। निस्संदेह, इस घटनाक्रम से दोनों देशों के बीच बढ़े कूटनीतिक तनाव का पटाक्षेप भी होगा। दरअसल, प्रधानमंत्री यूएई में मध्यपूर्व के किसी इस्लामिक देश में बनने वाले पहले हिंदू मंदिर के उद्घाटन के अलावा एक आर्थिक शिखर सम्मेलन में भी भाग लेंगे। उल्लेखनीय है कि इन पूर्व नौसैनिक अधिकारियों को अगस्त, 2022 में गिरफ्तार किया गया था लेकिन कतर व भारत की तरफ से कभी गिरफ्तारी के कारणों का जिक्र नहीं किया गया। कालांतर में भारत के कूटनीतिक प्रयासों से बीते साल अपील दायर करने के बाद मौत की सजा को कैद में बदल दिया गया। वैसे कतर की जेलों में अभी भी काफी भारतीय बंदी हैं। अंतर्राष्ट्रीय मीडिया में छपी रिपोर्टों की मानें तो कतर की कार्रवाई की वजह एक सबमरीन प्रोजेक्ट की संवेदनशील जानकारी लीक होना बताया गया है।

दरअसल, ये सभी कर्मचारी ओमान की कंपनी दाहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज एंड कंसल्टिंग सर्विसेज में काम करते थे। यह कंपनी कतर नौसेना के लिये एक उन्नत इतालवी तकनीक युक्त तथा रडार से बचने वाली सबमरीन हासिल करने के लिये काम कर रही थी। बताया जाता है कि पिछले वर्ष जब कतर ने कंपनी को बंद किया तो सत्तर फीसदी कर्मियों को देश छोड़ने को कहा, जिनमें अधिकांश भारतीय नौसेना के पूर्वकर्मी थे। हालांकि, यह भारत के लिये डिप्लोमैटिक चौलेंज नहीं था क्योंकि जो लोग ओमान की कंपनी में काम कर रहे थे, वे सरकारी काम के लिये नहीं गए थे। वे नेवी से सेवानिवृत्ति के बाद निजी कंपनी के लिये काम कर रहे थे। इसके बावजूद भारत सरकार ने इस मामले में गंभीर रुचि ली और गिरफ्तार लोगों को कांसुलर और कानूनी सहायता प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध करायी। साथ ही गिरफ्तार लोगों के परिवारों से भी बराबर संपर्क कायम किया। दरअसल, प्रधानमंत्री ने बीते साल दिसंबर में दुबई में संपन्न विश्व पर्यावरण सम्मेलन में कूटनीतिक चौनल का इस्तेमाल किया। इस दौरान सम्मेलन से इतर कतर के अमीर शेख से द्विपक्षीय मुलाकात की थी। भारतीय पूर्व नौसैनिकों की सजा खत्म होने के संदर्भ में इस मुलाकात को महत्वपूर्ण माना गया था। लेकिन एक जटिल देश में यह गंभीर मामला इतनी जल्दी भारत के पक्ष में आ जाएगा, किसी को इसका अहसास नहीं था। इस रिहाई के पार्श्व में हाल ही में हुए एक महत्वपूर्ण समझौते को भी देखा जा रहा है। जिसके अंतर्गत भारत और कतर के बीच आगामी दो दशक तक के लिये 78 अरब डॉलर का करार हुआ है। भारत 2048 तक कतर से तरल प्राकृतिक गैस खरीदेगा। हर साल आयातित होने वाली साढ़े सात मिलियन टन गैस का उपयोग रासायनिक खाद, बिजली व सीएनजी बनाने में होगा। बहरहाल, जिस सजा के मिलने से पूरा देश स्तब्ध था, उसका सुखद पटाक्षेप हो गया है। सचमुच भारत सरकार के लिये मामला अग्निपरीक्षा जैसा था। भारत कतर के साथ संबंध खराब भी नहीं कर सकता था क्योंकि वहां करीब नौ लाख भारतीय काम कर रहे हैं। वैसे भी कतर अफगानिस्तान से लेकर गाजा तक, दुनिया के तमाम इस्लामिक देशों में जारी विवादों में मध्यस्थता की भूमिका निभा रहा है।

# राज्यसभा चुनावःसपा को पटखनी देने की तैयारी में भाजपा



—अजय कुमार—





उत्तर प्रदेश में राज्यसभा की खाली हो रही 10 सीटों में 9 भाजपा और एक सपा के पास हैं। जो ताजा समीकरण बन रहा है उससे बीजेपी का 07 सीटों पर जीतना तय माना जा रहा है। वहीं दो सीटों पर सपा की जीत निश्चित मानी जा रही है। एक सीट का पेंच फंसा है।


उत्तर प्रदेश से राज्यसभा की रिक्त हुई इस सीटों के लिए बीजेपी और समाजवादी पार्टी ने अपने प्रत्याशी तय कर लिये हैं। भाजपा ने राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी, प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य और यूपीए सरकार में मंत्री रहे व कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए आरपीएन सिंह, भाजपा के आगरा के पूर्व महापौर नवीन जैन, गाजीपुर सदर की पूर्व विधायक संगीता बलवंत बिंद, मुगलसराय से पूर्व विधायक साधना सिंह और मथुरा के पूर्व सांसद तेजवीर सिंह को भी प्रत्याशी बनाया है। यूपी विधानसभा में भाजपा के सदस्यों की संख्या देखते हुए भाजपा के सभी प्रत्याशियों का राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होना तय है। बात जातीय गणित की कि जाये तो बीजेपी ने जातीय समीकरण साधने के लिए एक ब्राह्मण, एक वैश्य, एक ठाकुर और चार पिछड़ों (कुर्मी, मौर्य, जाट व बिंद) को प्रत्याशी बनाया है। बीजेपी प्रत्याशी 14 फरवरी वसंत पंचमी के दिन नामांकन कर सकते हैं।

बात समाजवादी पार्टी के उम्मीदवारों की कि जाये तो सूत्रों के अनुसार समाजवादी पार्टी अपनी तेजतर्रार राज्यसभा सदस्य रहीं जया बच्चन को फिर से राज्यसभा में भेज सकती है। इसके अलावा सपा के राष्ट्रीय महासचिव व पांच बार के सांसद रहे सलीम शेरवानी व मैनपुरी के पूर्व सांसद तेज प्रताप सिंह यादव को भी प्रत्याशी बनाये जाने की चर्चा तेज है। वैसे सपा के दो उम्मीदवारों के ही आसानी से जीत की संभावनाएं बताई जा रही हैं। 15 फरवरी को नामांकन का अंतिम दिन है।


गौरतलब है कि राज्यसभा की खाली हो रही 10 सीटों में 9 भाजपा और एक सपा के पास हैं। जो ताजा समीकरण बन रहा है उससे बीजेपी का 07 सीटों पर जीतना तय माना जा रहा है। वहीं दो सीटों पर सपा की जीत निश्चित मानी जा रही है। एक सीट का पेंच फंसा है। बीजेपी इसे भी अपनी जेब में डालना चाहती है। राष्ट्रीय लोकदल के बीजेपी के साथ आने के बाद बीजेपी के लिये आठवीं सीट पर जीत की लड़ाई काफी आसान हो गई है। पिछले दो दिनों से रालोद के बीजेपी के साथ जाने को लेकर चर्चाएं तेज थीं। चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलने के बाद तो अब रालोद मुखिया जयंत चौधरी भी कहने लगे हैं कि चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिये जाने के बाद अब बीजेपी को कैसे मना किया जा सकता है। पीएम ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। खास बात यह है कि कल तक जयंत चौधरी या रालोद की ओर से इस चर्चा का कोई समर्थन या खंडन नहीं किया गया था, लेकिन अब जयंत की भाषा बिल्कुल बदल गई है। जयंत के पाला बदलने से यूपी में 10 सीटों पर हो रहे राज्यसभा चुनाव का भी गणित बदलता दिख रहा है। राज्य सभा चुनाव के लिए विधानसभा के सदस्य वोटर होते हैं। इस समय विधानसभा की कुल सदस्य संख्या 399 है। राज्यसभा में निर्वाचित होने के लिए न्यूनतम वोट का जो फॉर्मूला है उसके हिसाब से इस बार एक सीट जीतने के लिए 37 विधायक की जरूरत होगी। इस हिसाब से मौजूदा स्थिति में भाजपा गठबंधन 7 और सपा गठबंधन 3 सीटें आसानी से जीतने की स्थिति में है, लेकिन यह तभी संभव था, जब रालोद का सपा के साथ गठबंधन बरकरार रहता।

वोटों के गणित की बात की जाये तो एनडीए के पास इस समय सहयोगियों को मिला कर 277 वोट हैं। ऐसे में 37 का कोटा सबको आवंटित करने के बाद उसके पास 18 वोट अतिरिक्त बचेंगे। जनसत्ता दल उच्च सदन के चुनाव में अब तक भाजपा के ही साथ रहा है। इसलिए इनके 2 वोट भी सत्ता पक्ष के साथ जाने तय हैं। ऐसे में भाजपा के पास 20 अतिरिक्त वोट होंगे। वहीं, विपक्षी गठबंधन के पास मौजूदा संख्या 119 विधायकों की है। कोटा आवंटित करने के बाद भी इस समय उनके पास 6 अतिरिक्त विधायक बचेंगे। अगर रालोद एनडीए के पाले में जाता है तो सपा गठबंधन के पास विधायकों की संख्या घटकर 110 हो जाएगी। सपा को अपना तीसरा उम्मीदवार जिताने के लिए 1 और विधायक की जरूरत होगी, जिसे तलाशना आसान नहीं तो मुश्किल भी नहीं होगा। रालोद को मिलाकर भाजपा के पास 29 अतिरिक्त वोट हो जाएंगे। अब अगर भाजपा अपना आठवां उम्मीदवार उतारती है तो फैसला दूसरी वरीयता के वोटों से होगा, जिसमें सत्तारुढ़ गठबंधन के लिए संभावनाएं बढ़ जाएंगी। फिलहाल, भाजपा की ओर से 10 पर्चे खरीदे गए हैं।

# मत्स्य पालन में इकोसिस्टम को बढ़ावा देने की पहल



—अभिलक्ष लिखी—



वित्तीय साल 2024—25 के लिए अंतरिम बजट में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के क्रियान्वयन में तेजी लाना एक उल्लेखनीय बिंदु है। इसका प्रयोजन मौसम में हो रहे बदलावों के प्रति सहनीय जल—कृषि, समुद्री उत्पादन, निर्यात में बढ़ोतरी और रोजगार के अवसर पैदा करना है। पिछले 10 सालों में, मछली उत्पादन दर में सालाना 8 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज हुई है, जो कि वर्ष 2022—23 में सर्वोच्च मात्रा को छूते हुए 175.45 लाख टन रही, जबकि 2013—14 में उत्पादन 95.79 लाख टन था (इसमें 75 फीसदी उत्पादन योगदान देश के के भीतर मीठे, कम खारे और खारे पानी के मछली पालन का है)। बड़ी बात कि 2022—23 में प्रति हेक्टेयर मछली उत्पादन 4.7 टन रहा, जो कि 2013—14 में 3 टन था। दूसरी ओर, हमारे सी फूड निर्यात में मुख्यतः बर्फ में लगा झींगादृ 111 प्रतिशत का इजाफा दर्ज हुआ है।

इस संदर्भ में, **प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत अनेकानेक सफलता गाथाएं फली—फूलीं। इस केंद्रीय योजना और राज्य सरकारों एवं केंद्रशासित प्रदेशों की सरकारों के सहयोग से मत्स्य उत्पादन संवर्धन में प्राथमिक एवं उच्चतर स्तर पर 2.8 करोड़ मछुआरों—मछली पालकों को पेश आ रही समस्याओं को दूर किया गया। उदाहरणार्थ सौम्या सत्यानारायणा कर्नाटक के एक मछली पालक हैं और रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम तकनीक को अपनाकर, बहुत महंगी बिकने वाली मछली, जैसे कि तिलापिया का उत्पादन सफलतापूर्वक कर रहे हैं।** इस तकनीक से जहां मछली घनत्व बढ़ता है वहीं पानी की बचत भी होती है। झारखंड से नवकिशर गोप एक मछली पालक हैं, जो केज—कल्चर के जरिये पैंगसियस किस्म की मछली का उत्पादन कर रहे हैं, इस तकनीक में चारा डालने, पानी बदलते रहने और समय पर फसल लेने पर ध्यान देना शामिल है। हरियाणा के सिरसा की कुलदीप कौर अपने 1 हेक्टेयर के खारे खेत में बनाए मछली तालाब में झींगा उत्पादन कर रही हैं।

मत्स्य पालन विकास गाथा में महत्वपूर्ण अवयव है बुनियादी परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित करना जैसे कि तटीय सूबों में मछली बंदरगाह और आगत—निर्गम केंद्र स्थापना। जल के भीतर कृत्रिम चट्टानों के निर्माण और समुद्र—नदियों में बाड़ाबंदी कर मछली का बीज डालकर मूल भंडार का घनत्व बढ़ाने पर सतत ध्यान दिया गया। ठीक इसी वक्त, मछुआरे महिला—पुरुषों के लिए अनेक सामाजिक कल्याण पहलकदमियों के लिए जरूरत के अवयव मुहैया करवाए गए। इनमें मछली के प्रजनन काल के दौरान शिकार पर प्रतिबंध वाले महीनों में जीवनयापन सहायता, दुर्घटना जीवन बीमा रकम में बढ़ोतरी और मत्स्य क्षेत्र में किसान क्रेडिट कार्ड से संस्थागत उधार मुहैया कराना शामिल है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना ने इस पुनीत विकास में तेजी के लिए पूर्णरूपेण सरकारी प्रयासों को सम्बल दिया है। छोटे स्तर के मछुआरों या मछली पालकों के जीवन को बेहतर बनाने, अंतरदेशीय और समुद्री मत्स्य उत्पादन क्षेत्र को आगे विकसित करने के लिए विशेषज्ञ कुछ अन्य विषयक जरूरतों को सुदृढ़ करने पर जोर देते हैं।

प्रथम, प्रतिस्पर्धा और पैमाने की बचतों में इजाफे के लिए क्लस्टर अथवा क्षेत्र आधारित तरीके अपनाना। एक्वापार्क बनाने की शुरुआत इन उपायों को अपनाने का प्रमाण है। इन पार्कों के जरिये सकल उत्पादन तंत्र का स्वरूप पहिए में धुरे और तीलियों की तर्ज पर सोचा गया है जिसमें केंद्र में धुरे के तौर पर है उत्तम गुणवत्ता वाली मछली का उत्पादन और तीलियों के रूप में बीज, चारे, फसल उपरांत प्रसंस्करण तंत्र, खरीद—फरोख्त सुविधा इत्यादि। यह मत्स्य संवर्धन पार्क अन्य वैकल्पिक आमदनी जैसे कि जल—बूटी, एक्वेरियम में रखी जाने वाली सुंदर मछलियों और मोतियों का उत्पादन के मौके भी प्रदान करेंगे। इस प्रकार के पार्क तमिलनाडु, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और उत्तराखंड में निर्माणाधीन हैं।

द्वितीय, नवउद्यमों के लिए उद्यमित्ता एवं नवाचार के जरिये निजी क्षेत्र की भागीदारी वाला सक्रिय माहौल बनाना। जारा बायोटेक नामक स्टार्टअप इसका एक उदाहरण है, जो प्रशासनिक एवं विभागीय मदद से, जल—बूटी और प्रवाल—आधारित उत्पादन कर रहा है। उत्पादों की बिक्री ई—कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स के जरिये हो रही है, यहां तक कि यूके, ऑस्ट्रेलिया, जापान को निर्यात हो रहा है। मछलियों की बीमारियों की शिनाख्त, जल गुणवत्ता निगरानी और स्वचालित चारा मशीन प्रणाली बनाने वाले संलग्न नवउद्यमों की उपस्थिति में भी इजाफा होने लगा है।

तृतीय, **उत्पादक और सहकारी संगठनों के जरिये प्रभावी भागीदारी बनाकर मछली भावों की सौदेबाजी में मछुआरों व मछली पालकों का हाथ ऊपर किया जा सकता है। ऑरोफिश नामक सहकारी संगठन इसका एक उदाहरण है, जो पुड्डुचेरी के अनिथा मुत्थूवेल द्वारा चलाया 20 मछुआरा समूहों का नेटवर्क है। सहकारी उद्यम मछली की खरीद जिम्मेवारीपूर्वक करते हुए बाजार में 'रेडी टू ईट' उत्पाद पेश करते हैं। ऐसे सहकारी और मछली उत्पादन संघों का आपस में समन्वय बनवाकर, डिजिटल व्यापार हेतु ओपन नेटवर्क बनाने के यत्न भी हो रहे हैं।**


चतुर्थ, गहरे समुद्र में मछली पकड़ने और तकनीकी रूप से उन्नत और नवीनतम संपर्क व्यवस्था से लैस मछली पकड़ने वाले जहाज निर्माण को बढ़ावा। कोचिन शिपयार्ड ऐसे उन्नत जहाजों का निर्माण कर रहा है तो स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन ने स्वदेशी तकनीक से विकसित करके आपातकालीन संदेश प्रेषण, मछली की बहुतायत वाले जलक्षेत्र की शिनाख्त और रियल टाइम में संपर्क बनाए रखने वाला तंत्र विकसित किया है। सतततापूर्ण मछली उत्पादन और बंदरगाहों पर साफ—सफाई पूर्ण उठान—लदान—भंडारण बनाने के साथ ही समुद्र में गए मछुआरों की सुरक्षा यकीनी बनाना जरूरी है।

पंचम, शृंखला के अंतिम छोर तक उत्पाद पहुंचाने हेतु संलग्न सेवाओं वाला तंत्र स्थापित करना। इसके लिए तटीय जिलों में 'सागर मित्र' योजना के तहत युवाओं को साथ जोड़ने की योजना शुरू की गई है। वे बंदरगाहों और लदान केंद्रों पर सामान्य कार्यों के अलावा प्राप्त मछली का हिसाब—किताब रखने में सहायक होंगे। साथ ही, तटीय जिलों में 'सागर परिक्रमा' नामक एक प्रेरक पहलकदमी हुई है, उद्देश्य है, सरकार के उच्चतम स्तर पर बैठे अधिकारियों द्वारा सामुदायिक बैठकों के जरिये मछुआरों से रूबरू होकर वास्तविक स्थिति जानना। विशेषज्ञों का यह भी मानना है कि मत्स्य प्रबंधन एवं नियामक तंत्र ऐसा बनाना होगा जिससे कि ईज ऑफ डुइंग बिजनेस प्रभावशाली ढंग से फलीभूत हो सके। तटीय जल—कृषि प्राधिकरण (संशोधन) कानून 2023 में मत्स्य फार्म और मछली—बीज उत्पादन का पंजीकरण सरल बनाया गया है। इसमें झींगा और मत्स्य कृषि निर्यात में हो रहे इजाफे के मद्देनजर बीमारियों की निगरानी की जरूरत पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है।

इसके अलावा, **भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद में मत्स्य जैविकी सुधार, प्रजाति विविधीकरण और मछली उत्पादन पर मौसम में हो रहे बदलावों के असर पर अग्रणी खोज जारी है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने के लिए केंद्रीय कैबिनेट ने विश्व बैंक के सहयोग से 6000 करोड़ रुपये की उप—योजना को मंजूरी दी है। इससे कार्य शिनाख्त में डिजिटल तकनीक के समावेश को सम्बल मिलेगा। इस राह से नवउद्यमों सहित सूक्ष्म, लघु उद्यमों को उत्पादन मूल्य शृंखला कार्यकुशलता व तलाश क्षमता सुदृढ़ करने को प्रोत्साहन दिया जाएगा। संस्थागत उधार तक पहुंच में इजाफा करने और फसल का बीमा करवाने को प्रोत्साहित करना ध्यान का एक अन्य बिंदु होगा। यह सब भारत में आजीविका और पौष्टिकता प्रदान करने वाले इस 'सूर्योदय क्षेत्र' के लिए बड़ा बदलावकारी सिद्ध होगा।**

—लेखक केंद्रीय मत्स्य, पशुपालन एवं डेरी मंत्रालय में सचिव हैं, व्यक्त विचार निजी हैं।

# आमचुनाव का सियासी गणित



—ललित गर्ग—

लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई चर्चा के समय विपक्ष की ओर से उठाए गए सवालों का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मविश्वास एवं कर्मठता से भरकर कहा कि मैं ऐसे आँकड़ों में नहीं पड़ता लेकिन मैं देख रहा हूं कि देश का मिजाज भारतीय जनता पार्टी को 370 और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 400 से ज्यादा सीटें पार करवाकर रहेगा। भाजपा इस बार चुनावों में 400 पार का नारा दे रही है। 2019 चुनावों में भाजपा ने 303 सीटें जीती थीं। निश्चित ही इतने बड़े आंकडे की घोषणा करने के पीछे नरेन्द्र मोदी की सकारात्मक सोच, विकास की राजनीति एवं राष्ट्र—विकास का संकल्प है, वहीं विपक्ष एवं कांग्रेस की नकारात्मक सोच, विरोध के लिए विरोध और विभाजनकारी रवैया उसके लगातार कमजोर होने के कारण हैं। प्रधानमंत्री ने सीटों का जो आकलन किया है, वह सिर्फ इस बात का संकेत है कि भाजपा अपने तीसरे कार्यकाल को लेकर पूरी तरह आश्वस्त है। उन्होंने उन अटकलों पर भी विराम लगा दिया, जिनमें कहा जा रहा है कि इंडिया गठबंधन के रूप एकजुट हुआ विपक्ष उनको चुनौती देगा, क्योंकि विपक्षी एकजुटता बिखर चुकी है।

मोदी ने संसद के भीतर जब अपने चुनावी लक्ष्य की बात कही तो इसने भाजपा कार्यकर्ताओं को ऊर्जा से भर दिया, वहीं विपक्ष के सामने आत्मचिन्तन का अवसर प्रदत्त किया। कांग्रेस को 10 साल के दौरान अच्छा विपक्ष बनने का मौका मिला लेकिन इसमें वह पूरी तरह विफल रही। स्वयं तो विफल रही ही, बल्कि विपक्ष में भी कुछ होनहार लोगों को उभरने नहीं दिया। कांग्रेस की नकारात्मक एवं संकीर्ण राष्ट्र—विरोधी राजनीति को देश की जनता महसूस करने लगी है। कांग्रेस किस तरह नकारात्मक राजनीति का शिकार है यह लोकसभा में ही तब देखने को मिला जब सदन में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने बालाकोट में की गई एयर स्ट्राइक पर सवाल खड़े किए। ध्यान रहे ऐसे ही सवाल पाकिस्तान खड़े करता रहा है। आखिर उन्हें पाकिस्तान के स्वरों में स्वर मिलाने एवं उसको रास आने वाला बयान देने की जरूरत क्यों पड़ गई? ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, वह बार—बार कभी पाकिस्तान तो कभी चीन की तरफदारी करती रही है। मोदी विरोध के नाम पर वह राष्ट्र—विरोध पर उतरती रही है।

प्रधानमंत्री मोदी के इस विश्वास एवं दृढ़ता की अनेक वजहें है। एक बड़ी वजह हाल ही में साल 2023 के विधानसभा चुनावों में भाजपा की शानदार जीत दर्ज करना भी है। विशेषकर मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ का परिणाम तो कल्पना से भी बाहर था। दूसरी वजह, रामलला की प्राण—प्रतिष्ठा ने लोगों में एक नए जोश का संचार किया है। अंतरिम बजट में ही जिस तरह से आने वाले कुछ महीनों को लेकर नीतियों का एलान किया गया है, वह संकेत है कि भाजपा अपनी जीत को लेकर काफी आश्वस्त है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक एवं चमत्कारी जीत की संभावनाओं की और भी वजहें हैं, जिनमें प्रधानमंत्री के कार्यकाल की सुखद एवं उपलब्धिभरी प्रतिध्वनियां हैं, जैसे चांद एवं सूर्य पर विजय पताका फहरा देने के बाद धरती को स्वर्ग बनाने की मुहीम चल रही है, राष्ट्रीय जीवन में विकास की नयी गाथाएं लिखते हुए भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनाने की ओर अग्रसर करना है। भारत अब विश्व—गुरु भी बनने की ओर गतिशील है। गत वर्ष 9 एवं 10 सितम्बर को जी—20 देशों का महासम्मेलन भारत में सफलतापूर्वक सम्पन्न होना भी भारत की विश्व स्तर पर मजबूत होने की स्थिति को दर्शा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस जिम्मेदारी को संभालने का अर्थ था भारत को सशक्त करने के साथ—साथ दुनिया को एक नया चिन्तन, नया आर्थिक धरातल, शांति एवं सह—जीवन की संभावनाओं को बल देना। नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा घोषित नई शिक्षा नीति की उपयोगिता एवं प्रासंगिकता धीरे—धीरे सामने आने लगी है एवं उसके उद्देश्यों की परते खुलने लगी है। भाजपा इसलिए भी आशान्वित है, क्योंकि जिस विपक्षी एकता की बात 2023 के मध्य से चल रही थी, उसमें दरारे पड़ती ही जा रही है। तमाम विपक्षी पार्टियां अपने—अपने ढंग से चुनाव लड़ने को तैयार हैं और कांग्रेस से उनकी खींचतान चल रही है। फिर, जहां—जहां भारतीय जनता पार्टी के लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती थीं, वहां पार्टी ने अपने अनवरत प्रयासों से खुद को मजबूत बना लिया है, फिर चाहे वह महाराष्ट्र हो या बिहार।

कांग्रेस एवं विपक्षी दलों के पास भाजपा एवं मोदी विरोध का कोई सशक्त धरातल एवं मुद्दें नहीं है। वैसे तो हर एक का जीवन अनेकों विरोधाभासों एवं विसंगतियों से भरा रहता है। लेकिन कांग्रेस का हर दिन कई विरोधाभासों के बीच बीत रहा है।

